चल भाई खाटू चलते हैं | By Amit Kalra Meetu

मन है बड़ा उदास चल भाई खाटू चलते हैं
अपने बाबा के पास चल भाई खाटू चलते हैं
हम हैं बाबा के ख़ास चल भाई खाटू चलते हैं
अपने बाबा के पास चल भाई खाटू चलते हैं

खाटू में जो बैठा है सुनता सबकी फ़रियाद
चेहरे पे मुस्कान वो देता हो जो कोई उदास
रोता कोई आता चेहरे सबके खिलते हैं
अपने बाबा के पास चल भाई खाटू चलते हैं

कृपा से इसकी बन गया है प्यारा घर बार
मालिक है ये इस घर का मेरा बाबा लखदातार
इसकी कृपा से ही हम सब प्रेमी पलते हैं
अपने बाबा के पास चल भाई खाटू चलते हैं

तेरे भक्तों को मिलने का मौका चाहिए श्याम
किसी ने ली है गाडी किसी ने नया किया है काम
सबका सोनू है अरमां बाबा से मिलते हैं
अपने बाबा के पास चल भाई खाटू चलते हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-amit-kalra-meetu/